# पालिका क्षेत्र मे बने उप जिला चिकित्सा तो तत्काल मिलेगी सुविधा

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

फुलेरा, 6 मार्च (राजकुमार देवाल)। पालिका क्षेत्र मे सांभर नरेना रोड के समीप 33 बीघा चरागाह भूमि पर उप जिला चिकित्सा बने तो तत्काल मिलेगी सुविधा। गौरतलब है कि पूर्व मुख्य मंत्री अशोक गहलोत के द्वारा की गयी बजट घोषणा 2023-24 में फुलेरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को उप जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत किया गया था। तथा उप जिला चिकित्सालय के लिए भूमि के आवंटन हेतु तहसीलदार द्वारा ग्राम ईटावा के खसरा नम्बर 224 रकबा 9.1044 हैक्टेयर किस्म चरागाह में से 2.8500 हैक्टेयर भूमि को चिह्नित की गई है। जबकी चिह्नित भूमि फुलेरा कस्बे से दो से तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस भूमि पर उप जिला



चिकित्सालय का निर्माण किया जाता है तो क्षेत्र की जनता को बहुत असुविधा होगी। तथा रात्रि मे मरीजो को आवगमन मे देरी के कारण इलाज समय पर नही मिल सकेगा। जबकी शहर के बीचो बीच सांभर रोड स्थित रेगर बस्ती के पास खसरा नंबर1092/240 मे 8.4216 हैक्टेयर भूमि है जो करीब 33 बीघा चारागाह भूमि है। जो कि प्रशासन की अनदेखी व लापरवाही के चलते अतिक्रमण की भेंट चढ़ती जा रही है। बता दे की तत्कालीन विधायक निर्मल कुमावत ने आवंटन भूमि पर चिकित्सालय निर्माण को लेकर विरोध जताते हुए तत्कालीन राजस्व मंत्री रामलाल जाट से मुलाकात कर ज्ञापन देकर अवगत कराया था कि आवंटित भूमि के चयन में किसी भी जनप्रतिनिधि से सलाह नहीं ली गई। और मनमर्जी से कुछ व्यक्तियों के स्वार्थ को ध्यान में रखकर भूमि का चयन किया गया है। तथा उक्त भूमि पर चिकित्सालय का निर्माण किया जाता है तो क्षेत्र की जनता को बहुत असुविधा होगी। वहि आबादी क्षेत्र से दूर आवंटित भूमि तक बुजुर्ग महिलाओं, बच्चों व दिव्यांगजनों को भी आने-जाने में दिक्कतों का सामना करते हुए आवगमन मे आर्थिक भार उठाना पड़ेगा वहि लोगों का कहना है कि चिकित्सालय आबादी क्षेत्र में बनेगा तो तत्काल उपचार मिल पाएगा।

# रंगीलो फागोत्सव पोस्टर का उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया विमोचन




जयपुर, 6 मार्च (का.सं.)। जयपुर 9 मार्च को रंगीलो फागोत्सव महिला दिवस के उपलक्ष्य मे माननीया उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के द्वारा फागोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया गया, साथ ही मेयर सौम्या गुर्जर ने भी पोस्टर का विमोचन किया और विश्वरूपा की संयोजिका नीलू शर्मा को अपनी शुभकामनाएं दी, एवं कार्यक्रम में शामिल होने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम डा. श्वेता ऋषिक हॉस्पिटल के सौजन्य से किया जा रहा है। जिसमे संगीत श्री राघव म्यूजिकल ग्रुप के राजेंद्र जांगिड़ द्वारा दिया जाएगा। फागोत्सव में कुछ सरप्राइज गिफ्ट भी रखें गए हैं। इस कार्यक्रम मे सभी महिलाएं फागुन का फागणिया पहनकर फाग उत्सव को सेलिब्रेट करेंगी।

पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में सुनीता विमला रेखा खुशबु सीमा अनुराधा रचना, प्रियंका रुचि अनिता सपना आदि सभी कार्यकारिणी की महिलाएं उपस्थित रही! उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और जयपुर ग्रेटर की महापौर सौम्या और भाजपा के महिला मोर्चे की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल मिश्रा सहित अनेक गणमान्य महिलाओं और विभिन्न संस्थानों की महिला अध्यक्ष इस कार्यक्रम में शामिल होंगी। कार्यक्रम 09 मार्च को जांगिड़ महासभा के प्रदेश कार्यालय विद्याधरनगर में 12 बजे से 04 बजे के बीच मे आयोजित होगा, जिसमे 1000 से अधिक महिलाएं सम्मिलित होंगी।

# किसानों को कम लागत में खुद के खेत पर बीज उत्पादन की दी जानकारी

*कृषि वैज्ञानिकों ने अनाज के साथ दलहन और तिलहन फसलों को प्राथमिकता देने का भी दिया सुझाव*




बीकानेर, 06 मार्च। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत बुधवार को यांत्रिक कृषि फार्म रोजड़ी में प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय बीज परियोजना के अंतर्गत यांत्रिक कृषि फार्म रोजड़ी में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को खुद के खेत पर ही कम लागत में बीज उत्पादन की जानकारी दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुसंधान निदेशक डॉ पीएस शेखावत ने किसानों को ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई का महत्व तथा अनाज की फसलों के साथ दलहन एवं तिलहन फसलों को प्राथमिकता देने का सुझाव दिया। अतिरिक्त निदेशक अनुसंधान (बीज) डॉ. पी. सी. गुप्ता ने किसानों को अपने खेत पर ही बीज उत्पादन करने की तकनीक की विस्तृत जानकारी दी। ताकि किसानों को कम लागत में अधिकतम लाभ मिल सके। मानव संसाधन विकास निदेशालय के निदेशक डॉ.ए.के.शर्मा ने किसानों को एक नई किस्म तैयार करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देने के साथ साथ नई किस्मों का खाद्यान्न उत्पादन में योगदान पर जोर दिया। पादप रोग विशेषज्ञ डॉ. बी. डी.एस.नाथावत ने किसानों को रबी एवं खरीफ फसलों में लगने वाले कीट और रोगों के लक्षण, नुकसान एवं उचित प्रबंधन की नवीन तकनीक के बारे में बताया।

# नवनियुक्त तहसीलदार का किया स्वागत



गंगापुर सिटी। अभी हाल में गंगापुर सिटी में नवनियुक्त तहसीलदार सुधा रानी का उप पंजीयक कार्यालय गंगापुर सिटी में कब्रिस्तान कमेटी सदर अकरम पठान व अमजद पठान ने साफा पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर स्वागत सम्मान किया।

इस दौरान तहसीलदार सुधा रानी ने सदर एवं उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया साथ ही उनके कार्यकाल के दौरान पूर्ण निष्पक्षता एवं ईमानदारी के साथ कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष नगर परिषद आकिब खान, शाहरुख खान, पार्षद मुबारिक आदि मौजूद रहे।

# जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने किया नोखा उपखंड मुख्यालय का दौरा

अस्पताल का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं टूट-फूट मरम्मत कार्य शीघ्र करवाने के दिए निर्देश

बीकानेर, 6 मार्च (का.सं.)। जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने बुधवार को नोखा उपखंड मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने तहसील, पंचायत समिति कार्यालय सहित नोखा मुख्यालय स्थित राजकीय अस्पताल का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



तहसील और पंचायत समिति कार्यालय का निरीक्षण करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि कार्यालय में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। पत्रावलियां सुव्यवस्थित रहे। उन्होंने समस्त कार्मिकों को समय पर कार्यालय पहुंचने के लिए पाबंद करने के हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। जिला कलेक्टर श्रीमती वृष्णि ने कहा कि दूर दराज के क्षेत्र से आमजन अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए दफ्तर पहुंचते हैं उन्हें अनावश्यक रूप से चक्कर लगाने ना पड़ें। सभी कार्मिक कार्यालय समय में अपने कार्य स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे, यदि किसी कारणवश कार्मिक अवकाश पर है तो इस संबंध में उच्च अधिकारी को सूचित किया जाए तथा उसके स्थान पर अन्य व्यक्ति को कार्य करने के लिए लगाएं जिससे आमजन को परेशानी ना हो।

# उत्तर पश्चिम रेलवे ने वर्ष 2023-24 में फरवरी माह तक 26.2 मिलियन टन माल लदान किया

यात्री ट्रेनों में 90.40% समयपालन को प्राप्त कर सम्पूर्ण भारतीय रेलवे पर अग्रणी जोन में सम्मिलित

जयपुर, 6 मार्च (का.सं.)। माल लदान में किये गये अभिनव प्रयासों से उत्तर पश्चिम रेलवे ने वर्ष 2023-24 में फरवरी माह तक 26.2 मिलियन टन माल लदान किया है। इसके साथ ही उत्तर पश्चिम रेलवे यात्रियों को समयबद्ध और संरक्षित यात्रा करवाने के लिये प्रतिबद्ध है। उत्तर पश्चिम रेलवे ने वर्ष 2023-24 के फरवरी माह तक मेल/एक्सप्रेस गाडियों के सचालन में 90.46 प्रतिशत समयपालन को प्राप्त किया है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार श्री अमिताभ के दिशा निर्देशों के फलस्वरूप उत्तर पश्चिम रेलवे पर यात्री ट्रेनों के संचालन एवं समयपालन पर उत्तर पश्चिम रेलवे पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे ने वर्ष 2023-24 में फरवरी माह तक 90.46 प्रतिशत समयपालन को प्राप्त किया है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर हो रहे दोहरीकरण, स्थाई गति प्रतिबंधों को समाप्त करना एवं नियमित मॉनिटरिंग के फलस्वरूप समयपालन में सुधार हुआ है।

इसके साथ ही माल लदान में किये गये अभिनव प्रयासों से उत्तर पश्चिम रेलवे ने वर्ष 2023-24 में फरवरी माह तक 26.2 मिलियन टन माल लदान किया है, जिसमें फरवरी माह में 2.6 मिलियन टन का माल लदान किया गया है जो कि गत वर्ष फरवरी माह की तुलना में 3.6 प्रतिशत अधिक है। उत्तर पश्चिम रेलवे ने यात्री तथा माल परिवहन संचालन में सम्पूर्ण भारतीय रेलवे पर अलग पहचान बनाई है तथा नई ऊंचाईयों की ओर अग्रसर है।

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड, कोटपूतली

क्रमाक-2683 दिनांक- 28/02/25

**निविदा सूचना संख्या-20/2023-24**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवं दूरसंचार, रेल्वे एवं दूरसंचार, रेल्वे या अन्य राज्य सरकार / केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों जो कि राजस्थान सरकार के "एए, ए, बी, सी, एवं डी " श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, वे निर्धारित धरोहर राशि जमा कराने के पश्चात् निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है ।

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क जमा कराकर इस कार्यालय से दिनांक 29.02.2024 से 06.03.2024 को प्राप्त की जा सकेगी। पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा कार्य के सम्मुख अंकित कार्यालय में 07.02.2024 को 1.00 बजे तक जमा कराई जा सकेगी, एवं उसी दिन 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी । निविदायें देने की शर्तें एवं अन्य विवरण किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखे जा सकते है ।

1. आर. पी. डब्ल्यू. ए.-100 की समस्त शर्ते मान्य होगी।
2. निविदा प्राप्ति अथवा खुलने की दिनांक को अवकाश होने पर अगला दिन कार्य दिवस माना जावेगा ।
3. धरोहर राशि अनुमानित लागत की 2 प्रतिशत होगी एवं सा.नि. वि. में पंजीकृत संवेदकों को धरोहर राशि पी. डब्ल्यू. एफ. एण्ड ए. आर. के नियमानुसार देय होगी ।
4. किसी भी निविदा को स्वीकार करने एवं बिना कारण बताये निरस्त करने के समस्त अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है।
5. निविदा के साथ जी. एस. टी. रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।
6. निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि का ई-ग्रास साईट पर ही चालान द्वारा निम्नानुसार बजट मद में आनलाईन जमा करवाना होगा ।

निविदा शुल्क 0075-00-800-52-01 (रिफन्ड योग्य नही)
धरोहर राशि (Earnest Money) 8443-00-108-00-00 ( रिफन्ड योग्य)
कार्य का विवरण इस वेबसाईट पर देखा जा सकता है। dipr.rajasthan.gov.in और pwd.rajasthan.gov.in
PWD2324WSOB20800

अधिशाषी अभियन्ता,
DIPR/C/2057/2024 सा0नि0वि0 खण्ड कोटपूतली

## कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड

kotak Kotak Mahindra Bank — संपत्ति की ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री

पंजीकृत कार्यालयः- 27 बीकेसी, सी 27, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई, महाराष्ट्र, पिन कोड-400 051 शाखा कार्यालयः कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड, पहली मंजिल, 232-233 डीसी टॉवर, अमरपाली सर्कल के पास, हनुमान नगर, वैशाली नगर, जयपुर-302021

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(5) के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के प्रावधान के साथ पढ़ें एतद्द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी (ओं) और गारंटर (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका भौतिक कब्ज़ा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड केएमबीएल द्वारा 06.10.2023 को, बायफुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (एफआईएचएफसी) के पक्ष में ऋण के असाइनमेंट के अनुसार, "जैसा है जहाँ है", "जैसा है जो है", और "जो कुछ भी है" के आधार पर **27.03.2024 को दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे के बीच 5 मिनट** के असीमित विस्तार के साथ बेची जाएगी। रुपये की वसूली के लिए **रूपये 21,42,283/- (इक्कीस लाख बयालीस हज़ार दो सौ तिरासी रुपये मात्र) 04.03.2024 तक बकाया,** ऋण खाता संख्या 608407510572384 के तहत लागत और शुल्क के साथ पूर्ण भुगतान तक 05.03.2024 से लागू भविष्य के ब्याज के साथ **Kmbl** के कारण, **श्री राहुल जांगिड़ पुत्र श्री रामधन जांगिड़ और 2. श्रीमती सीता देवी पत्नी श्री बालू सुथार** से सुरक्षित लेनदार।

**आरक्षित मूल्य** रु. 12,00,000/- (बारह लाख रुपये मात्र) होगा और **बयाना राशि** रु. 1,20,000/- (एक लाख बीस हज़ार रुपये मात्र) होगी और केवाईसी के साथ ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 26.03.2024 शाम 6:00 पीएम बजे तक भारतीय समयानुसार होगी। **संपत्ति विवरणः** बंधक संपत्ति का वह सारा टुकड़ा और पार्सल प्लॉट नंबर 7/46, चंद्र शेखर आज़ाद नगर, भीलवाड़ा, राजस्थान-311001 माप क्षेत्रफल 13.50 वर्ग मीटर, सीमा इस प्रकार है: पूर्वः प्लॉट नंबर 7/66, पश्चिमः खुली भूमि, उत्तरः प्लॉट नंबर 7/47, दक्षिणः प्लॉट नंबर 7/67, धारकर्ताओं का ध्यान सुरक्षित संपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में सरफेसी अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। सामान्य रूप से जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता कृपया ध्यान दें कि यदि यहां निर्धारित नीलामी किसी भी कारण से विफल हो जाती है, तो सुरक्षित ऋणदाता, सुरक्षित ऋणदाता के विवेक पर, निजी संधि के माध्यम से बिक्री के माध्यम से सुरक्षा हित लागू कर सकता है। बिक्री के तहत संपत्ति के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण/आवश्यकता के मामले में, बोलीदाता श्री रविंदर सिंह गोदारा (+91 9983999074), सुश्री लक्ष्मी चौधरी (+91 7412032966), श्री अक्षित सोलंकी (+91 7302111608) और श्री राजेंद्र दहिया से संपर्क कर सकते हैं। (+91 8448264515)। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया कोटक महिंद्रा बैंक की वेबसाइट **www.kotak.comlen/bank-auctions.html** यानी **www.kotak.com/** या **http://bankauctions.in** पर दिए गए लिंक को देखें।

स्थानः भिलवाड़ा, दिनांकः 07.03.2024 — प्राधिकृत अधिकारी, कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 9 मार्च को पहुंचेंगे वाराणसी, कार्यकर्ताओं को देंगे जीत का मंत्र

*आजमगढ़ जाने के पूर्व शहर में रात्रि विश्राम करेंगे, पार्टी पदाधिकारियों से मिलेंगे*

वाराणसी, 06 मार्च (वेब वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आजमगढ़ जाने के पहले 09 मार्च को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचेंगे और कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को जीत का मंत्र देंगे।

प्रधानमंत्री के आगमन का संकेत मिलते ही जिला प्रशासन और भाजपा संगठन तैयारियों में जुट गया है। प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल में विभिन्न कार्यक्रमों और जनसभाओं में भाग लेने के बाद रात में वाराणसी पहुंचेंगे। बाबतपुर एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री मोदी कड़ी सुरक्षा के बीच बरेका गेस्टहाउस में पहुंचेंगे। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री बरेका में रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन पूर्वाह्न दस बजे बरेका हेलिपैड




से आजमगढ़ रवाना होंगे। आजमगढ़ में नवनिर्मित मंदुरी एयरपोर्ट समेत देश के 10 हवाईअड्डों का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर जनपद में अन्य परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। प्रधानमंत्री आजमगढ़ से बाबतपुर एयरपोर्ट आएंगे और यहां से दिल्ली रवाना हो जाएंगे। लोकसभा चुनाव के घोषणा के पूर्व प्रधानमंत्री मोदी का वाराणसी में रात्रि प्रवास भाजपा संगठन के नजरिए से बेहद अहम है। वाराणसी से तीसरी बार लोकसभा उम्मीदवार घोषित होने के बाद वह वाराणसी आ रहे हैं। शहर में आ रहे प्रधानमंत्री के भव्य स्वागत की तैयारी में भाजपा जुट गई है। माना जा रहा है कि बरेका में रात्रि प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री पार्टी संगठन के प्रदेश, क्षेत्र, जिला और महानगर इकाई के साथ ही पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक कर तैयारियों की फीडबैक ले सकते हैं और कार्यकर्ताओं का उत्साह भी बढ़ायेंगे।

# सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना पर भाजपा का क्या रुख है : कांग्रेस

नई दिल्ली, 06 मार्च (वेब वार्ता)। कांग्रेस ने बिहार के बेतिया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा से पहले बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट करना चाहिए कि उनका सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना पर क्या रुख है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस देशव्यापी सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को बिहार के बेतिया में जनसभा को संबोधित करेंगे और कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी करेंगे। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'प्रधानमंत्री आज बिहार के बेतिया में



हैं। वह वहां भी निस्संदेह झूठ और जुमलों की झड़ी लगाएंगे। लेकिन हम उम्मीद करते हैं कि वह इन सबके बीच सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना के महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी बात करने की हिम्मत दिखाएंगे।' उन्होंने सवाल किया कि मोदी सरकार हर 10 साल में होने वाली नियमित जनगणना को क्यों नहीं करवा रही है? रमेश के अनुसार, यह जनगणना 2021 में ही होनी थी लेकिन अभी तक नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इससे अन्य आंकड़ों के अलावा, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यकों की आबादी की पूरी तस्वीर स्पष्ट हो जाएगी। कांग्रेस नेता ने सवाल किया, '2011 में हुई सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना के तहत आए जाति से संबंधित डेटा को मोदी सरकार ने जारी क्यों नहीं किया, जिन्हें 25 करोड़ परिवारों से एकत्र किया गया था?' उन्होंने कहा, 'बिहार में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार ने सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना करवाया और उसके नतीजे जारी किए। जनगणना में सामने आए वंचित समुदायों और परिवारों के लिए सामाजिक और आर्थिक न्याय को आगे बढ़ाने के लिए बिहार की 'नई' राजग सरकार का दृष्टिकोण क्या है? रमेश ने कहा, 'कांग्रेस पार्टी अपने भागीदारी न्याय एजेंडे के तहत, देशव्यापी व्यापक सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना कराने के लिए प्रतिबद्ध है। देश भर में हमारी राज्य सरकारें अपने-अपने राज्यों में इसके लिए पहल कर रही है।'

## नगर निगम जयपुर हैरिटेज

हवामहल के पास, बडी चौपड़, जयपुर, राजस्थान-302002

एफ-6 () उपा. राज द्वितीय/ननिज/2024/953 दिनांक :- 04/03/2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगर निगम जयपुर हैरिटेज द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन के लिए दिनांक 04.03.2024 को सिविल लाइन जोन में कैंम्प लगाया गया जिसमें निम्नलिखत आवेदन भू-उपयोग परिवर्तन हेतु प्राप्त हुए हैः-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | भूखण्ड संख्या व योजना का नाम | क्षैत्रफल | चाहा गया भू-उपयोग |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जगदीश बजाज | सी-93 सी-स्कीम | 801 व.ग. | व्यवसायिक |
| 2. | विवेक चौधरी / दिलीप चौधरी | 63 सोड़ाला खसरा नं. 37,38,39 | 845.47 व.ग. | व्यवसायिक |
| 3. | प्रभु दयाल गुप्ता / सेवाराम | भू.स. 81 रामनगर कॉलोनी | 250 व. ग. | पट्टा विलेख / व्यवसायिक |
| 4. | कमल चौधरी | भू.स. 76-77 रामनगर कॉलोनी | 500 व.ग. | मिश्रित |
| 5. | रामेश्वर प्रसाद पारीक | ई-72 ए शास्त्री नगर | 416.6 | मिश्रित |
| 6. | सेन्ट लेर्बोलेटरीस प्रा. लि. | बी-14 शिव मार्ग बनीपार्क | 833.33 | व्यवसायिक |
| 7. | राज शाह | ए-94 अजमेर रोड़ | 15.33 व.मी. | मिश्रित व्यवसायिक |
| 8. | उमेश शाह | ए-94 अजमेर रोड़ | 13.94 व.मी | मिश्रित व्यवसायिक |
| 9. | उमेश शाह / राधाकिशन गुप्ता | ए-94 अजमेर रोड़, कामा हाउस | 33.33 व.ग | मिश्रित व्यवसायिक |
| 10. | अनिता शाह / उमेश शाह | ए-94 कामा हाउस अजमेर रोड़ | 13.94 व.मी | मिश्रित व्यवसायिक |
| 11. | दिनेश शाह | ए-94 कामा हाउस अजमेर रोड़ | 15.334 व.मी. | मिश्रित व्यवसायिक |
| 12. | सत्यनारायण | भू.स. 53 हथरोई सरदार पटेल मार्ग | 161.13 व.ग | मिश्रित व्यवसायिक |
| 13. | गेपाल शर्मा / मधुसुधन शर्मा | ई-69-बी बनिपार्क विस्तार | 187.50 | व्यवसायिक |
| 14. | आशिष खण्डेवाल / साक्षी खण्डेलवाल | बी-50 श्रीराम नगर कॉलोनी | 190.55 व.ग | मिश्रित |
| 15. | मंजु देवी पत्नी रमेश कुमार पुत्र श्री बंशीधर | इंदरा कॉलोनी | 373.02 व.ग. | व्यवसायिक |
| 16. | दीपक शर्मा / चेतन शर्मा | नाहरी का नाका पूर्व | 340 व.मी. | व्यवसायिक |
| 17. | सुनिता देवी | ए-28, रामनगर शास्त्री नगर | 533.33 व.ग. | मिश्रित |
| 18. | पुनीत परवाल / कृष्ण कुमार | ए-28 नाहरी का नाका | 533.33 व.ग. | मिश्रित |
| 19. | सत्यनारायण सिंगोडिया | 1,2,58 गोविन्द नगर विस्तार आमेर रोड़ | 264.16 व.ग. | पुर्नगठन / व्यवसायिक भू-उपयोग परिवर्तन |
| 20. | विमला देवी | 3,58 ए गोविन्द नगर विस्तार | 264.16 व.ग. | पूर्नगठन / व्यवसायिक भू-उपयोग परिवर्तन |
| 21. | गिरधारी अग्रवाल | डी-6 सिंधी कॉलोनी | 300.59 व.ग | व्यवसायिक |

उपरोक्त आवेदनो के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो आपत्ति प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी लिखित आपत्ति नगर निगम जयपुर हैरिटेज (मुख्यालय) में प्रस्तुत करें। वाद मियाद कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होगी।

उपायुक्त, लैण्ड,
नगर निगम जयपुर हैरिटेज

राज.संवाद/सी/23/14290

## मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड

Muthoot Homefin

कॉर्पोरेट कार्यालयः यूनिट नंबर 19-एनई, 19वीं मंजिल, रूबी, सेनापति बापट मार्ग, रूपारेल कॉलेज के पास, दादर (पश्चिम), मुंबई, महाराष्ट्र- 400 028

**कब्ज़े की सूचना** (प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 (1) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूतिकरण के तहत **मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड (एमएचआईएल)** के अधिकृत अधिकारी हैं। और वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 और प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत, द्वारा जारी मांग नोटिस (सूचनाएं) नीचे उल्लेखित ऋणी/गारंटर को कंपनी का अधिकृत अधिकारी राशि चुकाने के लिए नोटिस में उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर उल्लेख किया गया है। ऋणी चुकाने में विफल रहा है राशि, ऋणी/सह-उधारकर्ता/गारंटर और आम जनता को एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उसके अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है उक्त अधिनियम की धारा 13(4) उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम तौर पर जनता हैं एतद्द्वारा चेतावनी दी गई है कि संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन मुथूट के आरोप के अधीन होगा। **मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड** एक राशि के लिए जैसा कि यहां उल्लेख किया गया है, उस पर ब्याज के साथ।

सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (8) के प्रावधानों के लिए उधारकर्ता का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| क्र. सं. | उधारकर्ता(कों)/ सह-उधारकर्ता/ का नाम ऋण खाता संख्या/शाखा | सुरक्षित संपत्तियों का संक्षिप्त विवरण | मांग की तिथि, सूचना और कुल बकाया राशि (रु.) | स्वामित्व तिथि ली गई |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ओम प्रकाश उपाध्याय/ चाकू देवी/ 023-02300351/ बीकानेर | फ्लैट नंबर 48 तीसरी मंजिल J-ब्लॉक गंगा रेजीडेंसी, एनआर सूरज विहार कॉलोनी सुजानदेसर, गंगा शहर रोड ग्राम, करमीसर, बीकानेर राजस्थान- 3341 | 28-नवंबर-2023/ रु. 3,34,365/- (तीन लाख चौंतीस हजार तीन सौ पैंसठ रुपये मात्र) | 02-मार्च-2024 |

दिनांक : 07 मार्च, 2024 — एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
स्थान : राजस्थान — मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड

## ओरिक्स लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज इंडिया लिमिटेड

ORIX

(पूर्व में ओएआईएस ऑटो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के रूप में जाना जाता था) (ओरिक्स ऑटो इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)
**पंजीकृत कार्यालयः** प्लॉट नंबर 94, मरोल को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400 059
दूरभाषः + 91 22 2859 5093 / 6707 0100, फैक्सः +91 22 2852 8549
Email: info@orixindia.com / www.orixindia.com / CIN : U74900MH2006PLC163937

**परिशिष्ट - IV-ए [ नियम 8( 6 ) का परंतुक देखें ]**

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पढ़ा जाता है।

इसके द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका भौतिक कब्ज़ा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है। ओरिक्स लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज इंडिया लिमिटेड को नीचे उल्लेखित राशि की वसूली के लिए 26-03-2024 को "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से बेचा जाएगा। उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं से ओरिक्स लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के कारण जैसा कि नीचे बताया गया है। आरक्षित मूल्य नीचे उल्लेखित अनुसार होगा और बयाना राशि जमा (ईएमडी) नीचे उल्लेखित अनुसार होगी।

| उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं का नाम / बकाया राशि / मांग सूचना दिनांक | संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य (INR) / ईएमडी / बोली बढ़ाएँ राशि |
|---|---|---|
| • फैंडन कॉल एंड डेटा प्रा. लिमिटेड • मदन सिंह फांदन • प्रशांत कुमार लामोरिया • शांति देवी<br>रु. 5,03,28,132.85/- दिनांक 01.03.2024<br>डिमांड नोटिस दिनांकः 04-07-2019 | हॉल/कार्यालय संख्या एसएफ-1 और एसएफ-2, आयाम कुल बिक्री योग्य क्षेत्र 6201.57 वर्ग फुट। (एसएफ-1 बिक्री योग्य क्षेत्र = 3189.38 वर्ग फीट और बिल्ड-अप क्षेत्र = 2551.50, वर्ग फीट + एस.बी. क्षेत्र = 637.88 वर्ग फीट) (एसएफ-2 बिक्री योग्य क्षेत्र 3012.19 वर्ग फीट और बिल्ड-अप क्षेत्र 2409.7 वर्ग फीट + एस.बी क्षेत्र = 602.44 वर्ग फीट) तमन्ना टॉवर में दूसरी मंजिल पर प्लॉट नंबर-8-ए और 9, नंद विहार, वैशाली नगर, जयपुर, राजस्थान-302021 में स्थित है। | रु. 2,25,00,000/- (दो करोड़ पच्चीस लाख रूपये मात्र)<br>बयाना राशि जमा 10% रु. 22,50,000/- (बाईस लाख पचास हजार रुपये मात्र)<br>बोली वृद्धि राशि 50,000/- (पचास हजार रुपये मात्र) |
| • सीमा कंवर • दिवाकर शर्मा • मैसर्स सीमा टूर एंड ट्रैवेल्स<br>रु. 76,60,032.341-<br>दिनांक 04.03.2024<br>मांग सूचना दिनांकः 20-07-2021 | फ्लैट नंबर जी-2, क्षेत्रफल 1000 वर्ग फुट, (कालीन क्षेत्र) एवं 1250 वर्ग फुट, (निर्मित क्षेत्र) ग्राउंड फ्लोर पर, गोविंद टावर, प्लाट नं. 90पर निर्मित, कृष्णा कॉलोनी, नया खेड़ा अंबाबाड़ी, जयपुर, राजस्थान - 302039 में स्थित है, और इसकी सीमाः पूर्वः प्लॉट नं. 103 पश्चिम. सड़क 30' चौड़ा उत्तरः प्लॉट नं. 90-ए दक्षिणः प्लॉट नं. 89 | रु. 40,00,000/- (चालीस लाख रूपये मात्र)<br>बयाना राशि जमा 10% रु. 4,00,000/- (चार लाख रूपये मात्र)<br>बोली वृद्धि राशि 50,000/- (पचास हजार रुपये मात्र) |
| • जगदीश प्रसाद यादव • मंगल चंद यादव • नन्छी देवी • यादव डेयरी फार्म<br>रु. 77,48,804.271-<br>दिनांक 04.03.2024<br>मांग सूचना दिनांकः 12-07-2022 | प्लॉट नंबर 134, क्षेत्रफल 2906.28 वर्ग फुट, डेयरी फार्म योजना, रामल्यावाला, सनसिटी के सामने, सीकर रोड, जयपुर, राजस्थान, और इसकी सीमाः उत्तरः प्लॉट नंबर 135 पूर्वः सड़क 9.0 मीटर पश्चिमः सड़क 12.0 मीटर दक्षिणः प्लॉट नंबर 133 | रु. 50,00,000/- (पचास लाख रूपये मात्र)<br>बयाना राशि जमा 10% रु. 5,00,000/- (पाँच लाख रूपये मात्र)<br>बोली वृद्धि राशि 50,000/- (पचास हजार रुपये मात्र) |

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया ओरिक्स लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट यानी **https://www.ORIXindia.com/leeasing.php** पर दिए गए लिंक को देखें या प्राधिकृत अधिकारी श्री सुखवंत सिंह से (संपर्क विवरणः +91-9810389922) सोमवार से शनिवार तक कार्य समय के दौरान से संपर्क कर सकते हैं।

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
दिनांकः 05-03-2024 — ओरिक्स लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज इंडिया लिमिटेड

स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, नींदड़ मोड़ के सामने, हरमाड़ा-सीकर रोड, जयपुर से मुद्रित व प्रकाशित किया जाता है। सम्पादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेंगे। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णतः व आंशिंक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह मोबाईल नम्बर : 9829410051 ई-मेलः yuvrajsinghh@gmail.com